साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : विद्युतभवन, बेली रोड, पटना-21
बिहार सरकार का उपक्रम
CIN No. U40109BR2012SGC018890

संकल्प संख्या 645 /

दिनांक 10/08/26 /

SB II/PESU (Alleg)–11061/2025

श्री धीरेन्द्र कुमार, तदेन सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, सदाकत आश्रम को साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के का0आ0सं0–1003 दिनांक 12.06.2025 के द्वारा विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, सदाकत आश्रम के अन्तर्गत संचालित फ्यूज कॉल सेन्टर के कार्यों का पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने एवं अनुशासनहीनता के लिए तत्क्षण प्रभाव से निलंबित किया गया।

कालांतर में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के का0आ0सं0–1305 दिनांक 25.07.2025 के द्वारा श्री धीरेन्द्र कुमार को उनके विरूद्ध संचालित की जाने वाली विभागीय कार्यवाही पर बिना प्रतिकूल प्रभाव डाले तत्क्षण प्रभाव से निलंबन मुक्त किया गया।

साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के संकल्प संख्या–808 दिनांक 15.09.2025 के द्वारा श्री धीरेन्द्र कुमार, तदेन सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, सदाकत आश्रम के विरूद्ध गठित प्रपत्र "क" में वर्णित निम्न आरोपों के लिए अनुशासनिक कार्यवाही संचालित की गई :–

दिनांक 11.06.2025 की रात्रि में प्रबंध निदेशक द्वारा विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, सदाकत आश्रम के अन्तर्गत फ्यूज कॉल सेन्टर के औचक निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि उक्त फ्यूज कॉल सेन्टर में उपभोक्ताओं से प्राप्त बिजली संबंधी शिकायत के लिए रखी गयी शिकायत पंजी में दिनांक 11.06.2025 को 06:40 PM से 10:52 PM के बीच एक भी मामला दर्ज नहीं था।

उक्त से स्पष्ट है कि श्री धीरेन्द्र कुमार के द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थापित फ्यूज कॉल सेन्टर के कार्यो का समुचित पर्यवेक्षण नहीं किया गया।

श्री धीरेन्द्र कुमार द्वारा सहायक विद्युत अभियंता के रूप में अपने पर्यवेक्षणीय दायित्व के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने के कारण उक्त फ्यूज कॉल सेन्टर में उक्त पाली में कार्यरत Telephone Attendant द्वारा एक भी Complain दर्ज नहीं किया गया। फलतः फ्यूज कॉल सेन्टर की सार्थकता को अक्षुण्ण बनाए रखने में वे विफल रहे।

उक्त विभागीय कार्यवाही के संचालन हेतु श्री गौरव कुमार शर्मा, तदेन विद्युत अधीक्षण अभियंता (परि0–I) शहरी, कंपनी मुख्यालय को जाँच पदाधिकारी एवं श्री सत्येन्द्र कुमार सिन्हा, प्रशाखा पदाधिकारी को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया। श्री गौरव कुमार शर्मा का स्थानांतरण भागलपुर हो जाने के कारण उनके स्थान पर श्री कृष्णानन्द झा, सेवानिवृत मुख्य अभियंता को जाँच पदाधिकारी नियुक्त किया गया। श्री कृष्णानन्द झा का जाँच पदाधिकारी के रूप में कार्यकाल समाप्त हो जाने के फलस्वरूप श्री खुर्शीद अनवर सिद्दिकी, सेवानिवृत मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को जाँच पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

श्री खुर्शीद अनवर सिद्दिकी, सेवानिवृत मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–जाँच पदाधिकारी के द्वारा उक्त विभागीय कार्यवाही का जाँच पूर्ण कर जाँच–प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया। उक्त जाँच–प्रतिवेदन में आरोप को अप्रमाणित पाया गया।

अतः उपलब्ध अभिलेखों के सम्यक् समीक्षोपरान्त जाँच पदाधिकारी द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन से सहमत होते हुए सक्षम प्राधिकार द्वारा श्री धीरेन्द्र कुमार, तदेन सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, सदाकत आश्रम सम्प्रति विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत केन्द्रीय भंडार, मुंगेर को भविष्य में कार्यों का समुचित पर्यवेक्षण करते रहने के लिए निदेशित किये जाते एवं उनके निलंबन अवधि (दिनांक 12.06.2025 से दिनांक 24.07.2025 तक) को सभी प्रयोजनार्थ कर्त्तव्य पर बितायी गयी अवधि माने जाने का निर्णय लिया गया है।

कृ0पृ0उ0

साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : विद्युतभवन, बेली रोड, पटना-21
बिहार सरकार का उपक्रम
CIN No. U40109BR2012SGC018890

तदनुसार श्री धीरेन्द्र कुमार, तदेन सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, सदाकत आश्रम सम्प्रति विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत केन्द्रीय भंडार, मुंगेर को भविष्य में कार्यों का समुचित पर्यवेक्षण करते रहने के लिए निदेशित किया जाता है एवं उनके निलंबन अवधि (दिनांक 12.06.2025 से दिनांक 24.07.2025 तक) को सभी प्रयोजनार्थ कर्त्तव्य पर बितायी गयी अवधि मानी जाती है।

आदेश :– आदेश दिया जाता है कि प्रस्तुत संकल्प की एक प्रति श्री धीरेन्द्र कुमार, तदेन सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, सदाकत आश्रम सम्प्रति विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत केन्द्रीय भंडार, मुंगेर को उपलब्ध करा दी जाय।

सक्षम प्राधिकार के आदेश से,
ह0/–
(शत्रुघ्न कुमार सुमन)
अवर सचिव

ज्ञापांक...../ दिनांक...../

Speed Post

प्रतिलिपि– श्री धीरेन्द्र कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत केन्द्रीय भंडार, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(शत्रुघ्न कुमार सुमन)
अवर सचिव

ज्ञापांक...../ दिनांक...../

प्रतिलिपि– अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0), बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड, पटना/प्रशासक मास्टर ट्रस्ट, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0), नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पटना/बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना/बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(शत्रुघ्न कुमार सुमन)
अवर सचिव

ज्ञापांक 646 / दिनांक 10/08/25 /

प्रतिलिपि– महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, पेसू क्षेत्र, पटना/महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/महाप्रबंधक (राजस्व), साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना /उपमहाप्रबंधक–सह–विद्युत अधीक्षण अभियंता, सभी विद्युत आपूर्ति क्षेत्र/विद्युत अधीक्षण अभियंता/लेखा पदाधिकारी (लेखा), सभी विद्युत आपूर्ति अंचल/विद्युत कार्यपालक अभियंता, सभी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल/सभी उपमहाप्रबंधक/सभी उप सचिव/वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी अवर सचिव/ वरीय प्रबंधक (आई0टी0)/लेखा पदाधिकारी (स्थापना/वेतन पर्ची)/ प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–I, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. वरीय प्रबंधक (आई0 टी0) से अनुरोध है कि इस संकल्प आदेश की प्रति कंपनी के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा करें।

10/8/25
(शत्रुघ्न कुमार सुमन)
अवर सचिव